डांस नाइट में आईआईएम छात्रों का धमाल, थिंक टैंक में नए विचार

रायपुर। आईआईएम के दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का रविवार को समापन हुआ। अभिनत्री जूही बब्बर सोनी भी इसका हिस्सा बनी। अपनी प्रस्तुति के जरिए उन्होंने अमिट छाप छोड़ी। कई तरह की खेल और सांस्कृतिक गतिविधियां इस दौरान आयोजित की गईं, जिसमें देशभर से प्रतिभागी छात्र शामिल हुए। प्रबंधन छात्रों ने अपनी असाधारण प्रतिभा और उत्साह इन कंपीटिशन में दिखाया। नाटक के माध्यम से छात्रों ने आईआईएम की अब तक की यात्रा दिखाई। शैक्षिक उत्कृष्टता संग एक समृद्ध सांस्कृतिक गाथा छात्रों ने पेश की। नृत्य प्रतियोगिता में छात्रों का जोश और उनके स्टेप्स देखने लायक रहे। प्रतिभागी छात्रों ने सहपाठियों संग प्राध्यापकों की भी तालियां बटोरी।

दिखाया प्रबंधन कौशल

द्वेश दीक्षित ने अपनी हास्य कला, अद्वितीय दृष्टिकोण और वित्तीय किस्सों के मेल से दर्शकों को खूब हंसाया। डांस नाइट के दौरान नालायक और जे कॉलेक्टिव बैंड के जीवंत तालों ने नृत्य मंच को जीवंत कर दिया। डांस नाइट में छात्रों की परफॉर्मेंस धमाकेदार रही। एकल और समूह दोनों ही नृत्यों में छात्रों ने अमीट छाप छोड़ी। फुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल और क्रिकेट जैसे खेलों ने स्पर्धात्मक के साथ रोमांचक वातावरण बनाया। ओडिसी डांस, एक्स-क्विज, थिंक टैंक, शार्क टैंक, क्रॉनिकल्स जैसे आयोजन भी हुए। इसमें छात्रों ने अपने प्रबंधन कौशल सहित अन्य तरह की प्रतिभाओं का परिचय दिया। अंतिम दिन रात्रि में आयोजित समापन समारोह में सभी छात्रों ने रोचक प्रदर्शन किया।

15th Jan, 2024. Haribhoomi (Live), P.01